## स्पीड न्यूज

### भवनाथपुर राजकीय कन्या प्राथमिक स्कूल का मना 51वां स्थापना दिवस



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर बस्ती स्थित राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय का 51वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पंचायत के मुखिया बेबी देवी, संस्थापक के प्रपोत्र अमन सिंह, प्रधानाध्यापक सूर्यकांत शर्मा ने संस्थापक स्व. नंदकिशोर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि बेबी देवी ने कहा स्व. श्री नंदकिशोर सिंह ने उस समय में गांव के शिक्षा के बारे में सोचा वह अति सराहनीय है। उन्ही का यह कार्य का पुण्य प्रताप है कि उनका परपोत्र अमन सिंह आज सीए बन कर गांव का नाम रौशन किए हैं। मैं उनको दिल से कोटि-कोटि नमन करती हूं। प्रधानाध्यापक ने अपने विद्यालय की बाल सांसद की सराहना करते हुए अतिथियों के बीच विद्यालय के उपलब्धियों को बताया। उन्होंने ने बताया कि बाल सांसद अपने-अपने दायित्व को बखूबी निभाते हैं। मौके पर सहायक शिक्षिका किरण सिंह, वार्ड सदस्य सुंदर देवी, प्रबंधन समिति अध्यक्ष उर्मिला देवी आदि उपस्थित थे।

### श्री सर्वेश्वरी का प्रार्थना गृह में कार्यक्रम

**गढ़वा।** शहर के चिनियां मोड़ स्थित काली मंदिर के बगल में संचालित श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह में शनिवार को सामूहिक पूजा-पाठ, गोष्ठी, वस्त्र वितरण, अखंड जाप कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए समुह के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रातः आठ बजे से सामूहिक पूजा-पाठ, आरती के बाद सफल योनि का पाठ किया जाएगा। तत्पष्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। 11 बजे से गोष्ठी सह पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। संध्या आरती के बाद सात बजे से 12 घंटे का अखंड अघोर महामंत्र का जाप किया जाएगा। रात्रि में आठ बजे सदर अस्पताल गढ़वा और रेलवे-स्टेशन गढ़वा में वस्त्र व कंबल का वितरण किया जाएगा। रात्रि में भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। पांच फरवरी को अखंड कीर्तन, हवन-पूजन आरती के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

### बीडीओ ने की पीडीएस को लेकर बैठक



**भवनाथपुर।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार कक्ष में बीडीओ जयपाल महतो ने प्रखण्ड के सभी डीलरों के साथ पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा को लेकर बैठक किया। बैठक में बीडीओ ने सभी डीलरों को अपवाद पंजी दुरुस्त रखने का निर्देश दिया, जो कि जांच के क्रम में किसी भी डीलर का पूर्ण नहीं रहता है। उन्होंने डीलर को प्रचार प्रसार कर सभी लाभुकों का आधार सीडिंग एवं मोबाइल नम्बर 14 फरवरी तक जोड़ने का निर्देश दिया। सुखी सम्पन्न एवं अयोग्य राशन कार्डधारियों का राशन कार्ड से नाम हटाने का सूची बना कर उपलब्ध कराने को कहा। बीडीओ ने कहा कि ऐसे लाभुक जो विगत छह माह या अधिक से अपना राशन उठाव नहीं किए वैसे कार्डधारियों का भौतिक सत्यापन कर कर तार्किक आदेश के साथ कार्रवाई करें। बीडीओ ने वैसे लाभुक जिसकी मृत्यु हो गई हो वैसे लाभुक का राशन कार्ड से नाम हटाने का निर्देश दिया। मौके पर पीडीएस कम्प्यूटर ऑपरेटर आलोक कुमार, अरुण यादव, अभय चैबे, राजेश राम, अनिल सिंह, विजय उरांव, हृदया पासवान, हृदया सिंह, अनिल सिंह, सरजू राम, विजय यादव, दशरथ बैठा, अनिल राम सहित अन्य डीलर उपस्थित थे।

### विधायक ने परिजनों को बंधाया ढाढस



**कोडरमा।** नगर पंचायत अंतर्गत दूधीमाटी वार्ड नं 11 के निवासी सेवानिवृत उच्च विद्यालय शिक्षक गिरीजानंदन प्रसाद के लापता होने पर कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव शोकाकुल परिजनों से मुलाकात करने उसके घर पहुंची। इस गंभीर मामले को संज्ञान लेते हुए विधायक डॉ नीरा यादव एसपी से फोन पर बात कर जांच में गहन छानबीन करते हुए पता करने का निर्देश दिया। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि जब तक वे वापस न आ जाय तब तक जब भी मेरी आवश्यकता हो मैं हर तरह से सहयोग करने को तैयार हूं। ज्ञात हो कि 31 जनवरी के 12 बजे दिन के बाद से ही सेवानिवृत शिक्षक गिरीजानंदन प्रसाद लापता हैं। परिजनों के अनुसार वे घर से बड़कीबागी होते हुए चेचाई के रास्ते चाराडीह पहुंचे थे, जिसका जानकारी मोबाइल लोकेशन एवं स्थानीय ग्रामीण महिलाओं से पता चला। उसके बाद से लोकेशन बंद हो गया। इसकी तहकीकात प्रशासन द्वारा की जा रही है और परिजनों द्वारा भी गुमशुदगी का पर्चा चिपका कर एवं टेंपो से प्रचार करवाया जा रहा है। वहीं दूधीमाटी चैक के निकट रहने वाले अशोक सोनी की पत्नी की मौत के उपरांत विधायक डॉ. नीरा यादव ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। साथ ही दिवंगत की शव यात्रा में शामिल हुई एवं शोक संवेदना व्यक्त कीं।

### भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला यह बजट : महेंद्र वर्मा



**डोमचांच (कोडरमा)।** भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद वर्मा ने कहा कि यह बजट भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला है। इसमें किसान, मजदूर, व्यवसायी व महिला समेत हरेक वर्ग का ख्याल रखा गया है, लोगों को टैक्स में सहुलियत प्रदान की गयी है, यह बजट लोककल्याण कारी है। यह गरीबी, किसानों, आदिवासियों सहित सभी वर्गों के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला बजट है।झामुमो प्रखंड सचिव अशरफ अंसारी ने कहा कि इस सत्र की बजट देश को आर्थिक तंगी की ओर ले जाने वाला बजट है, क्योंकि बजट में न बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, और न ही किसानों के परती कुछ खास ख्याल नहीं रखा गया है। वहीं युवाओं की बात की जाए तो रोजगार की जगह खिलौना सस्ता कर दिया गया है। क्या आज की युवा खिलौना खेल कर अपनी जीवन जिएंगे। कुल मिलाकर कहा जाय तो सिर्फ पूंजी पत्तियों के हित में है बजट।

# मैट्रिक और इंटर परीक्षा को लेकर डीसी ने की बैठक, दिये कई निर्देश

**विद्यार्थियों का नियमित रूप से टेस्ट लेकर उनकी कमियों को दूर करें शिक्षक : आदित्य रंजन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मैट्रिक व इंटर परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने तथा सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सुधार को लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में बैठक हुई ।

बैठक के दौरान झारखंड एकेडमिक कौंसिल द्वारा जारी मॉडल सेट को छात्र-छात्राओं से हल करवाने, स्कूलों में प्री-बोर्ड टेस्ट आयोजित करने आदि का निर्देश देते हुए उपायुक्त ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों पर विशेष फोकस करें, नियमित रूप से टेस्ट लेकर, उनके कमियों को दूर करें, साथ ही स्कूलों के बुनियादी सुविधाओं पर चर्चा करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, डीईओ अलका जयसवाल, डीएसई नयन कुमार, एडीपीओ शिव कुमार मल्लिक, स्कूलों के प्रधानाध्यापक आदि मौजूद थे।



# इटखोरी महोत्सव की तैयारियों का एसडीएम ने लिया जायजा

**19 फरवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे उद्घाटन**

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारी जोरों पर है। महोत्सव को लेकर किए जा रहे कार्यों पर हर दिन प्रशासनिक समीक्षा भी हो रही है। गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी ने मां भद्रकाली मंदिर परिसर में पहुंचकर इटखोरी महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। तत्पश्चात उन्होंने मंदिर परिसर में चल रहे रंग रोगन तथा मरम्मत के कार्य का निरीक्षण करने के पश्चात इटखोरी महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम स्थल, सेमिनार स्थल व हैलीपैड का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इटखोरी महोत्सव के सफल आयोजन के लिए संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर बीडीओ अन्वेषा ओना, सीओ राम विनय शर्मा तथा मौके पर मौजूद महोत्सव आयोजन समिति के सदस्य रतन शर्मा, मृत्युंजय सिंह, सुरेंद्र सिंह, संतोष सोनी, सुधीर राय आदि मौजूद थे।

**नामी कलाकारों के महोत्सव में आने की उम्मीदः** एसडीएम मुमताज अंसारी ने बताया कि यह महोत्सव तीन दिवसीय होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन 19 फरवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा किया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर कलाकारों का चयन अंतिम चरण में है।उन्होंने बताया कि इस वर्ष का महोत्सव भव्य तरीके से आयोजित होगा। जानकारी के अनुसार तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव में ख्याति प्राप्त लोक गायिका मैथली ठाकुर, रोहन देव पाठक, मुंबई के ख्याति प्राप्त कलाकार शब्बीर कुमार, सत्या ठाकुर, किसु राहुल ग्रुप व राहुल मुखर्जी की प्रस्तुति होगी। इसके अलावा क्षेत्रीय कलाकारों, स्कूली बच्चों आदि के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति होगी।

### गरीबों को मिलने वाला राशन डकार रहे डीलर

**मरकच्चो (कोडरमा)।** सरकार भले ही गरीबों को मुफ्त में राशन उपलब्ध करा रही हो ताकि गरीबों को दो वक्त की रोटी मिल सके। मगर डीलर की मनमानी के चलते गरीबों की मिलने वाले निवाला भी राशन डीलर डकार जा रहे हैं। ऐसा ही मामला मरकच्चो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कादोडीह पंचायत के जन वितरण प्रणाली विक्रेता लक्ष्मी महिला मंडल राजारायडीह का मामला प्रकाश में आया हैं, इस संबध में दर्जनों लाभुकों ने गुरुवार को अंचल कार्यालय के समीप धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर बवाल काटा तथा बीडीओ को आवेदन देकर कानूनी करवाई करने की गुहार लगायी है। ज्ञात हो कि लक्ष्मी महिला मंडल लाइसेंस न. 02/13 के द्वारा लाभुक को दो बार फिंगर लगाकर 2 माह का चावल लाभुकों को नहीं देकर खुले आम कालाबाजारी किया जा रहा है। साथ ही लाभुकों को वितरण मात्रा से भी तीन-चार किलो अनाज कम दिया जा रहा हैं। वही विक्रेता के संचालक गिरजा देवी के द्वारा हम लाभुकों के द्वारा पूछे जाने पर कहा जाता है कि जो देते हैं अनाज वो लो, नहीं तो एमओ के पास व जहां जाना जाव हम हर जगह पैसा देकर मैनेज कर लेंगे। गिरजा देवी को दुकान का संचालन करने के लिए अधिकृत किया हैं। बीडीओ पप्पू रजक लाभुकों को समझा बुझाकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, तब जाकर प्रदर्शन समाप्त हुआ।

### अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मियों की हड़ताल जारी

**कोडरमा।** अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मियों का हड़ताल 18वें दिन भी जारी रहा। वहीं बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि यह लोग लगातार 18 दिनों से हड़ताल पर हैं और 10 दिनों से रांची राज भवन में भी अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी अनशन पर हैं। जिस कारण लगभग 7 चिकित्सा कर्मियों की तबियत काफी खराब हो चुकी है। वहीं उन्होंने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इन लोगों की मासिक आय में वृद्धि कर दे या फिर इन लोगों को नियमित कर दे। वहीं पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी के लिए सरकार को बिल्कुल गंभीरता से कुछ निर्णय लेना चाहिए, स्थायीकरण के प्रति टीम गठित कर इनके समस्या के निवारण हेतु पहल करना चाहिए।

## पशु टीकाकरण को अभियान का रूप दें : डीडीसी




**कोडरमा।** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले के पशुओं का टीकाकरण को लेकर बिरसा सांस्कृतिक भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। वहीं शिविर का उद्घाटन डीडीसी ऋतुराज ने किया। प्रशिक्षण शिविर में शामिल पशु सखियों, कृषक मित्रों और मत्स्य मित्रों को सम्बोधित करते हुए डीडीसी ने कहा कि पशुओं को संक्रमण रोग से बचाव को लेकर जिले के सभी पशुओं का टीकाकरण सुनिश्चित करें, गांव गांव जाकर सभी पशुओं को खुरहा/मुंहपका रोग से बचाव के लिए टीकाकरण को अभियान का रूप लेते हुए शतप्रतिशत पशुओं का टीकाकरण करें। वहीं जिला पशुपालन पदाधिकारी राम सरीख प्रसाद ने राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पशुरोगों का नियंत्रण और उन्मूलन करना है, खुरपका और मुंहपका रोग मुख्यतः गाय, भैंस, बकरी, सुअर आदि जानवरों में होता है। वहीं जिला मत्स्य पदाधिकारी शम्भू नाथ यादव ने कहा कि टीकाकरण में सभी लोग अपनी सहभागिता बेहतर ढंग से करें। मौके पर भ्रमणशील पशु चिकित्सक डॉ. अरुण राय, डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डॉ. विनीता कुमारी आदि मौजूद थे।

# मोदी सरकार के कामों को बूथ स्तर तक पहुंचायें कार्यकर्ता : अमित कुमार



**गढ़वा।** भाजपा गढ़वा जिला कार्यसमिति की बैठक गुरूवार को जिले के मझिआंव स्थित शिवेशर चंद्रवंशी कॉलेज में हुई। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया। विभाकर पांडेय ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने देश को विश्व गुरु बनाने का काम किया है। मोदी सरकार ने देश में सुशासन लाने का काम किया है। भाजपा सरकार ने देश को विश्व के मानचित्र में स्थापित करने काम किया है। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता बुथ स्तर पर पार्टी के कार्यक्रमों को पहुंचाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता तन मन धन लगाकर संगठन हित में काम कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह गढ़वा जिला प्रभारी अमित कुमार ने पूर्व के कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ है। मौके पर संतोष दूबे, विकास स्वदेशी, हरेंद्र दूबे, मुरली श्याम सोनी, भोला चंद्रवंशी, महेंद्र सिंह, गौरी बिंद, मीना गुप्ता, ठाकुर प्रसाद महतो, विवेकानंद तिवारी, उत्तम पाण्डेय, रितेश चैबे, रामशीष तिवारी, संजीत तिवारी, अनीता गुप्ता, लक्ष्मन राम, प्रेमानंद त्रिपाठी, बिरेंद्रनाथ दूबे, पवन कुमार, संजय कमलापुरी, सरोज सिंह, रामलला दुबे, श्रवण सिंह, नसरुद्दीन अंसारी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### डीटीओ ने 14 वाहनों का काटा चालान

**सतगावां ।** थाना चेकपोस्ट के समीप डीटीओ भगीरथ प्रसाद के नेतृत्व व थाना के पुलिस प्रशासन व पुलिस बल के सहयोग से वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य मार्ग पर गुजरने वाले दर्जनों दोपहिया व चारपहिया वाहनों को रुकवा कर वाहनों की जांच की गई। जांच अभियान में उक्त मार्ग पर गुजरने वाले सभी दोपहिया व चार पहिया वाहनों के जांच से संबंधित आवश्यक कागजात, हेल्मेट, ट्रिपल लोड़, सीट बेल्ट, ड्राविंग लाइसेंस आदि की गहनता से जांच की गई। वहीं अधूरा कागजात व अन्य तरह से कमी वाले वाहनों को ऑन-द स्पॉट 14 वाहन का चालान काटा गया।

# एमडीए की सफलता के लिए डीसी ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता




**डीइसी और एल्बेंडाजोल की खुराक बूथों तथा शेष छुटे हुए को घर-घर जाकर दिया जायेगा**

**गढ़वा।** डीसी रमेश घोलप ने गुरूवार को मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) 2023 की शत-प्रतिशत सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों के पदाधिकारियों के साथ जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की।

बैठक में डीसी ने बताया कि एमडीए कार्यक्रम के अंतर्गत दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं एवं अत्यंत गंभीर बीमार व्यक्तियों को छोड़कर शेष सभी लक्षित जनसंख्या को उनके उम्र व दवा की खुराक के अनुसार डायरेक्ट ऑब्सर्वेड ट्रीटमेंट के तहत डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की एक खुराक प्रशिक्षित दवा प्रशासकों के द्वारा पहला दिन सभी चिन्हित किए गए बूथों एवं शेष छूटे हुए व्यक्तियों को घर-घर जाकर दवा सेवन कराया जाएगा। यह कार्यक्रम जिले के चिन्हित किए गए सात सीएचसी क्रमशः गढ़वा, मेराल, भवनाथपुर, नगर उंटारी, मंझिआंव, रंका एवं भंडरिया में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक मनाया जाएगा।

डीसी ने बताया कि कुल लक्षित जनसंख्या 13 लाख 03 हजार 406 है। अतः इस कार्य के लिए 2446 दवा प्रशासक एवं 249 सुपरवाइजर कार्य करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से सीएस डॉ अनिल कुमार, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ संध्या टोप्पनो, डॉ वीरेंद्र कुमार, डॉ मनोज, डॉ सुचित्रा कुमारी, डॉ संतोष कुमार मिश्रा, प्रवीण कुमार सिंह, विजय प्रकाश पांडेय, नीरज कुमार, दीपेश तिवारी, करुणा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### किसानों, युवाओं एवं मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर पेश किया गया बजट : कुमार शुभम



**सिमरिया/चतरा।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2023- 24 संसद में पेश किया। जिसका स्वागत करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष कुमार शुभम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का अभिनंदन और स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि आज केंद्रीय आम बजट वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर भारत समृद्ध भारत समर्थ भारत एवं संपन्न भारत का निर्माण होगा, जिससे आधुनिकता एवं मानवीय दायित्व को पूरा बल दिया गया है। यह बजट विश्व की आर्थिक परिस्थिति में भारत की आशा आकांक्षाओं को तो पूरा करेगा ही, साथ ही विश्व को भी एक राह दिखाने वाला बजट होगा। यह बजट भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के साथ- साथ तकनीक आपूर्तिकर्ता के तौर पर यह बजट पहचान देने का काम करेगा। आज के आकांक्षी समाज के लिए दूरदर्शी समावेशी सर्व स्पर्शी गांव गरीब किसान, बुजुर्गों महिलाओं, युवाओं, ओबीसी, एससी, एसटी तथा मध्यम वर्ग के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। सर्व समावेशी तथा समृद्ध भारत के संकल्प के अनुरूप केंद्रीय बजट प्रस्तुत करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राएं सम्मानित



**चतरा।** डीएवी पब्लिक स्कूल, चतरा के तत्वावधान में अकादमिक वार्षिक सत्र के विभिन्न शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक गतिविधियों हेतु प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरि उपस्थित थे। इन पुरस्कारों में फ्लोर पेंटिंग प्रतियोगिता एवं अन्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आप बच्चें देश के भविष्य है इसीलिए अपने हौसले बुलंद करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करें।और देश की सफलता के भागीदार बने। साथ ही आज ₹झारखंड अग्निशमन विभाग,चतरा₹ के द्वारा आग से बचाव एवं राहत हेतु फायर मॉक ड्रिल का एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में ₹तेल से लगने वाली आग,गैस सिलिंडर की आग एवं साधारण आग एवं बड़ी आग₹ से बचाव एवं राहत हेतु प्रशिक्षण दिया गया। इसमें छात्रों के द्वारा आग को कैसे बुझाया जा सके इसके लिए प्रायोगिक कार्य भी कराया गया। इस कार्यशाला में अग्निशमन विभाग,चतरा से प्रभारी अग्निशमालय पदाधिकारी-नरेश सिंह मुंडा, प्रधान अग्नि चालक-अमित नंदा भारती, प्रधान अग्नि चालक-लक्ष्मण कुमार एवं अग्निक चालक संजीव कुमार पांडेय, वासुदेव सावैया ने भाग लिया।

### गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में मना मनरेगा दिवस



**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को मनरेगा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में 100 दिन काम पूरा करने वाले मनरेगा मजदूरों को पुरस्कृत भी किया गया।मजदूरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।जबकि मेट की सहभागिता को बढ़ाने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह,मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुमार सिन्हा रोजगार सेवक एवं लाभार्थी शामिल थे।

### कलश का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



**मरकच्चो (कोडरमा)।** झुमरीतिलैया स्थित मंडुवाटांड मैदान में 3 फरवरी से 6 फरवरी तक होने वाले 108 कुण्डीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ सह शक्ति पीठ स्थापना दिवसोत्सव को लेकर शांतिकुंज हरिद्वार से भ्रमण हेतु लाये गए कलश का मरकच्चो पंचखेरो नदी स्थित राधा फ्यूल जंक्शन के समीप पहुंचने पर मरकच्चो प्रखंड के ग्रामीणों ने कलश का भव्य स्वागत किया। वहीं कलश को जय घोष व गगनचुंबी नारों के साथ मरकच्चो बाजार, बन्धन चैक, भगवतीडीह, भोजपुर, पश्चिम मोहल्ला, बड़ा अखाड़ा, लालनगर, देवगढ़ मुहल्ला होते हुए मरकच्चो स्थित गायत्री चेतना केंद्र पहुंची, जहां गायत्री परिवार के द्वारा पूजा अर्चना की गई। कलश मरकच्चो ब्लॉक चैक, दरदाही, नावाडीह एक होते हुए आज यज्ञ स्थल झुमरीतिलैया महुवाटांड पहुंचेगी। मौके पर जिप सदस्य रीता देवी, रविशंकर तिवारी उर्फ मंटू, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, अर्जुन प्रसाद गुप्ता, गणेश प्रसाद, भीखी साव, मनोहर प्रसाद, बालेश्वर प्रसाद, तुलसी प्रसाद, राजेश्वरी प्रसाद, कौशल कुमार कुशल, सरिता देवी, अनुराधा पांडेय, पवन वर्णवाल समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### विद्या निकेतन में बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत परसाबाद कटिया में संचालित विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल में बुधवार को गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं को कॉपी व पेन देकर शिक्षकों ने पुरस्कृत किया। मौके पर प्राचार्य दिलीप राणा, मुकेश कुमार यादव, विक्रम कसेरा, मनोज पाण्डेय, सूरज चैधरी, रीता वर्णवाल, संगीता कुमारी, रेनू कुमारी समेत सभी छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### शतचंडी महायज्ञ को लेकर झंडारोपण आज

**जयनगर (कोडरमा)।** श्री श्री मां रथाही मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा शतचंडी महायज्ञ को लेकर आज झंडा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। बताते चलें कि 24 फरवरी को कलश यात्रा, 25 को पंचांग पुजन व मंडप प्रवेश, 26 को वेदी पूजन कमार्कुटी व जलाधिवास, 27 को वेदी पूजन अग्नि मंथन अन्नधिवास, 28 को हवन घृताधिवास, 1 मार्च को पुष्प अधिवास, 2 को फलाधिवास, 3 को महा स्नान, नगर भ्रमण, शय्याधिवास, 4 को प्राण प्रतिष्ठा पूणार्हुति, ब्राह्मण भोजन, महाप्रसाद वितरण होगा। यज्ञ में प्रतिदिन संध्या 5 बजे से आरती व 7 बते से कथा प्रवचन व महाप्रसाद का वितरण होगा। यज्ञ के आचार्य वीरेंद्र शास्त्री, प्रवचन कर्ता श्री श्री 1008 प्रेमशंकर जी महाराज महामंडलेश्वर तथा प्रभनांद जी महाराज हैं। वहीं पूज्य देवी हेमलता शास्त्री जी वृंदावन का प्रवचन होगा। यज्ञ को सफल बनाने में अशोक सिंह, सुरेंद्र प्रसाद मोदी, अर्जुन चैधरी, सुजीत कुमार, राकेश साव, मनी बाबा, प्यारे लाल पांडे, सनी राज, बाबू ठाकुर, भगवान राम, कैलाश राम, दिनेश दास, राजकुमार सिंह आदि ग्रामीण लगे हुए हैं।

### दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक घायल

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरियावां मंदिर के समीप बुधवार रात करीब आठ बजे दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय सुरेंद्र साव पिता स्व भीम साव अम्माटांड चांदेडीह निवासी मोरियामा में हो रहे यज्ञ से प्रसाद ग्रहण कर अपने घर वापस आ रहा था। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें उक्त व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद परिजनों ने सदर अस्पताल ले गये, जहां व्यक्ति इलाज किया जा रहा है। वहीं घटना की खबर पाकर पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता सदर अस्पताल पहुंचकर हाल-चाल जाना व चिकित्सकों को बेहतर इलाज करने को कहा।

## स्पीड न्यूज

### लायंस क्लब ऑफ चंदवा रोरिंग ने किया कंबल वितरण

**चंदवा।** लायंस क्लब ऑफ चंदवा रोरिंग के द्वारा गुरुवार को प्रखंड के कामता पंचायत अंतर्गत चटूआग गांव में कंबल वितरण शिविर लगाया गया। शिविर में चटूआग ग्राम अंतर्गत विभिन्न टोलों के दर्जनों गरीब असहायों के बीच वितरण किया गया। संस्थान के लोगो ने कहा कि लायंस क्लब ऑफ चंदवा रोरिंग के द्वारा गरीब व असहाय जनों को मदद पहुंचाने को लेकर लगातार कार्य कर रही है। मौके पर संस्था के निर्मल भारती, सुधीर प्रसाद, विपिन मित्तल समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

### मनरेगा कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर दिया एक दिवसीय धरना


धरना पर बैठे संघ के लोग।

**लातेहार।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के द्वारा नगर पंचायत कार्यालय के समीप गुरुवार को अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया। वहीं जिला अध्यक्ष मेराज उल हक ने संबोधित करते हुए बताया कि हम लोग 15 वर्षों से काम कर रहे हैं। गरीब गुरबा को मजदूरी देने का काम कर रहे है। आज हम लोग की स्थिति बहुत ही खराब हो चुकी है। इसलिए हम लोग का स्थायीकरण किया जाए, वेतनमान सहित अन्य सर्विस का लाभ की व्यवस्था किया जाए, अगर ऐसा नहीं किया जाएगा तो हम लोग आगे आंदोलन को जारी रखेंगे। इस धरना में मनरेगा कर्मी, बीपीओ, जेई, ऐई, मनरेगा सेवक सहित विभिन्न पद पर कार्यरत जिले भर के सभी मनरेगा कर्मी मौजूद थे।

### मोटरसाईकल की टक्कर में दो युवक घायल, एक रिम्स रेफर

➲ घटना की जानकारी पर सांसद प्रतिनिधि पहुंचे घटना स्थल मामले की ली जानकारी

**हेरहंज।** हेरहंज प्रखंड कार्यालय के पीछे ब्लॉक रोड मे देर रात दो बाइक की आमने सामने की टक्कर मे तीन युवक घायल हो गये। जिसमे एक की हालत गंभीर है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बालूमाथ की तरफ से दो युवक अपने बाईक से चाई ग्राम फुलेश्वर गंझु के यहाँ जा रहे थे। तभी सामने से आ रही बाइक ने सामने से टक्कर मार दी। घायलों मे सुरेंद्र गंझु, व संतोष गंझु लावालोंग के निवासी है। संतोष गंझु को काफी चोट आई है। और दूसरे बाईक पर सवार युवक हेरहंज के मसिलोंग का रहने वाला है। सूचना मिलते ही सांसद प्रतिनिधि रूपेंद्र जायसवाल ने रात मे ही रंजन प्रसाद के साथ घटना स्थल पर पहुंचे जिसके बाद हेरहंज अस्पताल पहुंच स्वास्थ कर्मी संजय कुमार रवि द्वारा पता चला की अस्पताल मे कोई नहीं है। तब थाना प्रभारी शुभम कुमार को सूचना दी और थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए अपने सहकर्मी पुलिस जवानों के साथ भेजा और बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ केंद्र भेजा। जहां चिकित्स्कों द्वारा ईलाज किये जाने के बाद गंभीर रूप से घायल युवक संतोष गंझु को रिम्स रेफर कर दिया।

### उप-प्रमुख ने किया खेल मैदान निर्माण कार्य का उद्घाटन



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के शेरगड़ा पंचायत अंतर्गत हाही और बुकरू ग्राम में गुरुवार को खेल मैदान निर्माण कार्य का उद्घाटन बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम ने शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए उप-प्रमुख कामेश्वर राम ने कहा कि आसपास खेल का मैदान नहीं होने के कारण बच्चों को परेशानी होती थी। खेल मैदान बन जाने से फुटबॉल, क्रिकेट, हॉकी आदि में रुचि रखने वाले युवाओं को को लाभ होगा। खेल मैदान बन जाने से क्षेत्र की खेल प्रतिभा में निखार होगा। मौके पर शेरेगढ़ा पंचायत मुखिया नीलिमा तिर्की, पूर्व मुखिया सुरेंद्र उरांव, पंचायत सेवक अरविंद प्रसाद, रोजगार सेवक हीरालाल सिंह, उदय गंझु, प्रेम कुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कुशवाहा समाज की बैठक संपन्न शहीद जगदेव प्रसाद की मनाई गई जयंती


जयंती मनाते कुशवाहा समाज के लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के मारंग लोईयां पंचायत अंतर्गत हेवना शिव मंदिर के प्रांगण में कुशवाहा समाज की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अमर शहीद जगदेव प्रसाद की जयंती उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाया गया। उपस्थित लोगों ने शहीद जगदेव प्रसाद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हमारा समाज हर क्षेत्र में अपना जगह बनाए हुए हैं। उसमें जगदेव प्रसाद की भूमिका सराहनीय है। हमें उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। इधर कुशवाहा समाज के जिला उपाध्यक्ष भूषण कुशवाहा ने कहा कि समाज को मजबूती और एकता बनाए रखने के लिए आगामी 5 फरवरी को जिला स्तरीय बैठक आयोजित किया गया है। इस बैठक में समाज के अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि 5 फरवरी को होने वाली बैठक में जिला स्तरीय कमेटी का गठन किए जाने की संभावना है। इस मौके पर लक्ष्मण कुशवाहा, परमेश्वर कुशवाहा, गोपाल कुशवाहा, संजय कुशवाहा, बालक महतो, महानन्द, कुशवाहा समेत कई लोग मौजूद थे।

## हेमंत सोरेन के खतियानी जोहार यात्रा को ऐतिहासिक बनाने को लेकर झामुमों ने की बैठक

# यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए अपना जी जान लगा दें: बैद्यनाथ राम

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते झामुमों के जिला अध्यक्ष एवं विधायक व अन्य।


बैठक में मौजूद जिले के झामुमों कार्यकर्ता।

**लातेहार।** माको डाक बंगला में झामुमो जिला समिति की बैठक जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक बैद्यनाथ राम मौजूद थे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य लातेहार जिला में 14 फरवरी को आयोजित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खतियानी जोहार यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के संबंध में हुई। इस बैठक का संचालन जिला सचिव समसुल होदा ने किया। बैठक में जोहार खतियानी यात्रा के सफल संचालन हेतु जिला एवं प्रखंड समितियों का समन्वय समिति गठित की गई। इन समितियों के माध्यम से सभी प्रखंड एवं पंचायतों के आम जनता के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण योजनाओं के बीच प्रचार प्रसार करते हुए आगामी 14 फरवरी को आयोजित जोहार खतियानी यात्रा को सफल बनाने में उपयोगी होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक श्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि कार्यकर्त्ता युद्ध स्तर पर लग जाएं। इस खतियानी जोहार यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए अपना जी जान लगा दें। कहा कि सभी नेता एवं कार्यकर्ता अपने अपने गांव एवं पंचायत में जाकर इस खतियानी जोहार यात्रा के बारे में आम जनता को बताएं कि सरकार आपके लिए किन किन योजनाओं को लागू कर रही है और आम झारखंडियों के लिए कितने जन उपयोगी साबित होंगी। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की बात कही। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे, सीतमोहन मुंडा, विलासी टोपनो, इश्तियाक खान, मनोज चौधरी, शुभम गिरि, अंकित पांडेय, वारिश अंसारी, दीपक, दिनकर नाथ शाहदेव, वासुदेव यादव, उपेन्द्र यादव, माणिक गंझू, पॉल एक्का, गोपाल सिंह, इंद्रदेव उरांव, विकास पासवान, रौशन शाहदेव सुनैना कुमारी, बीरेंद्र पाठक, उमेश गुप्ता, राजू विश्वकर्मा मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत उरांव, रंजिता एक्का, सुशीला देवी, अनिता देवी, ललिता देवी, जतरू मुंडा सभी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष सचिव एवं उपाध्यक्ष समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

## मामला : विभाग ने पीटीआर के आठ गांवों को पुनर्वासित करने का भेजा है प्रस्ताव, ग्रामीणों में आक्रोश

# हम अपनी पूर्वजों की संपति को छोड़कर नहीं जाएंगे

➲ पलामू टाइगर रिजर्व के अधिकारियों की कार्यप्रणाली से अक्रोशित है नवरनागु की जनता

दीपक राज

**बरवाडीह।** इन दिनों पलामू टाइगर रिजर्व के अधिकारियों की कार्यप्रणाली से कई गांव वासी निराश और अक्रोशित है। मामला पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर कुमार आशीष के मीडिया में दिए गए बयान के बाद सामने आया है। दरअसल हाल ही में पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर का ब्यान आया है कि पीटीआर अंतर्गत आने वाले आठ गांवों को पुनर्वासित करने का प्रस्ताव नेशनल टाइगर कंजवेरशन अथॉरिटी को भेजा गया है। डिप्टी डायरेक्टर कुमार आशीष की माने तो इन आठ गांवों के लोगों के साथ हुए ग्राम सभा के माध्यम से वन विभाग को यह प्रस्ताव मिला है, लेकिन जमीनी स्थिति ठीक इसके विपरित नजर आ रही है। लात पंचायत के नवरनागु ग्राम के लोगों के द्वारा डिप्टी डायरेक्टर द्वारा दिए गए बयान की निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।


विरोध प्रदर्शन करते नवरनागु के ग्रामीण।

### विभाग द्वारा दिया जा रहा है कई तरह का प्रलोभन

सुदामा सिंह ने यह भी बताया कि जानकारी मिली है कि वन विभाग द्वारा गांव के कुछ लोगों को बुलाकर मौखिक रूप से तरह-तरह के प्रलोभन देकर दिग्भ्रमित करने का काम किया गया है। वन विभाग द्वारा प्रलोभन दिया जा रहा है कि गांव के 18 वर्ष से ऊपर के सभी युवाओं को पहले पैकेज में पंद्रह-पंद्रह लाख रुपए, पांच-पांच एकड़ जमीन और सरकारी नौकरी दी जाएगी। वन विभाग की यह पुनर्वास नीति कहीं से भी भरोसे लायक नहीं है।

### पुर्णवास को लेकर नहीं हुई कोई ग्राम सभा

इधर पूरे मामले में जमीन हकीकत की पड़ताल को लेकर जब खबर मंत्र ने नवरनागू ग्राम पहुंच गांव के ग्राम प्रधान और स्थानीय ग्रामीणों से पूछताछ की तो सभी ने एक स्वर में ग्राम सभा होने की बात को गलत बताया। वहीं ग्राम प्रधान सुदामा सिंह ने कहा कि कोई भी ग्राम सभा गांव के ग्राम प्रधान, मुखिया, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गांव के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में की जाती है, लेकिन हमारी जानकारी में अब तक यहां किसी प्रकार की ग्राम सभा नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हमलोग अपने गांव नवरनागु को छोड़कर कहीं नहीं जायेंगे और न ही गांव के लोगों को कहीं जाने देंगे।

### फॉरेस्ट विलेज को भी पुनर्वासित नहीं कर पाई विभाग

ग्राम प्रधान ने आगे कहा कि पीटीआर अंतर्गत लाटू, कुजुरूम, मेराल, विजयपुर, पंडरा, घुटुवा, आधे और कोरगी इत्यादि कई फॉरेस्ट विलेज हैं, लेकिन वन विभाग इन गांवों को पुनर्वासित करने में अब तक नाकाम रहा है। बताया कि नवरनागु रेवन्यु विलेज है, और हम अपनी पूर्वजों की संपति को छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे। इस दौरान ग्रामीण भी एक स्वर वन विभाग की इस नीति का विरोध कर रहे थे।

### क्या कहते है डिप्टी डायरेक्टर

इधर पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर कुमार आशीष ने ग्राम सभा से मिले प्रस्ताव को सही बताया है। कहा कि हमें जो डॉक्यूमेंट प्राप्त हुए है उसके आधार पर गांवों को पुनर्वासित करने का प्रस्ताव भेजे हैं। इधर ग्रामीण और बुद्धिजीवी लोग यह सवाल उठाने लगे है कि चंद लोगों की सहमति से पूरे गांव को पुनर्वासित करने का प्रस्ताव भेज दिया जाना वन विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली और मनमानी का उदाहरण है।

### चंदवा प्रखंड व अंचल के कई कर्मियों का पंचायत व हल्का बदला

**चंदवा।** विगत पंचायत समिति की बैठक में कुछ पंचायत सचिव एवं राजस्व उपनिरीक्षक की कार्यप्रणाली पर पंचायत प्रतिनिधियों ने सवालिया निशान उठाते हुए स्थानांतरण की मांग की मांग को प्रखण्ड सह अंचल प्रशासन ने गम्भीरता से लेते हूए प्रखंड व अंचल के कई कर्मियों का पंचायत व हल्का बदल दिया है। इस मांग के आलोक में बीडीओ सह सीओ विजय कुमार ने अलौदिया के पंचायत सचिव उमाशंकर सिंह के स्थान पर जनसेवक सह प्रभारी पंचायत सचिव रामसागर राम को अलौदिया पंचायत का प्रभार लेने का निर्देश गया है। वही सभी राजस्व उपनिरीक्षक का हल्का भी बदल दिया गया है। इसमें विकास वर्मा को हल्का नंबर 1, अर्चना कुमारी को हल्का नंबर 2, राजू राम को हल्का नंबर 3, शत्रुघ्न भगत को हल्का नंबर 4 एवं 5 दयालु केरकेटा को 6 एवं 10, संदीप कुमार को 7 एवं 8 तथा हीरा सिंह को हल्का नंबर 9 आवंटित किया गया है। सभी उपनिरीक्षक को दो दिनों के भीतर आपसी समन्वय स्थापित कर प्रभार आदान प्रदान करने एवं अधोहस्ताक्षरी को इससे संबंधित जानकारी देने का निर्देश दिया गया है।

## बीडीओ ने उत्कर्मित मध्य विद्यालय हरातु का किया औचक निरीक्षण, अनुपस्थित मिले शिक्षक, हड़कंप

# कारवाई के नाम पर थमा दिया जाता है सिर्फ स्पष्टीकरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने गुरुवार को हरातु पंचायत के दौरे के क्रम में उत्कर्मित मध्य विद्यालय हरातु का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश कु.सिंह और पारा शिक्षक भुनेश्वर राम अनुपस्थित मिले। जिनपर आवश्यक कारवाई के निर्देश संबधित विभाग को दिए। वहीं मौके पर मौजूद शिक्षकों का मनोबल बढ़ाते हुए बीडीओ ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में गरीबों के बच्चे पढ़ते है, इसलिए आप सभी पूरे मनोयोग और ईमानदारी से शिक्षा का माहौल बनाते हुए बच्चों को शिक्षा देने का कार्य करें। जानकारी देते चले कि इसके पूर्व भी प्रधानाध्यापक उमेश सिंह के विद्यालय में अनुपस्थित रहने और एमडीएम में अंडा गायब रहने की रिपोर्ट 21 जनवरी को खबर मंत्र में प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। उसके पहले 19 दिसंबर को खुद प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद ने हरातु विद्यालय का निरीक्षण किया था। इस दौरान अटेंडेंस रजिस्टर की जांच में कई दिनों से अनुपस्थित रहें छात्र-छात्राओं के अटेंडेंस को खाली रखा गया था। जबकि प्रतिदिन बच्चों के द्वारा स्वयं से अपनी हाजिरी दर्ज करनी होती है, और अनुपस्थित बच्चों की हाजिरी को शिक्षकों के द्वारा काट दिया जाना चाहिए। उपस्थिति रजिस्टर खाली छोड़े जाने से यह प्रमाणित होता है कि मध्यान भोजन में भारी गड़बड़ी की जाती रही है। गौरतलब है कि महीने के अंत में एमडीएम रिपोर्ट विभाग में जमा की जाती है। उक्त दौरान इन बच्चों का अटेंडेंस भरकर जमा कर दिया जाता है। जिसके प्रमाण भी बीइओ ने खुद के कैमरे में कैद कर लिए थे। लेकिन अब तक हुए सभी मामलों में सिर्फ स्पष्टीकरण की कारवाई की गई है। यही कारण है कि हरातू विद्यालय में शिक्षकों की मनमानी रुकने का नाम नही ले रही है। इधर बीडीओ द्वारा अचानक विद्यालय का निरीक्षण किए जाने से विभाग में हड़कंप मच गया है।

### पुर्व विधायक प्रकाश राम ने मुरूप में रामरेखा अस्पताल का फीता काटकर किया उद्घाटन


अस्पताल का उद्घाटन करते पुर्व विधायक प्रकाश राम।

**लातेहार।** सदर प्रखंड के मुरूप मे गुरुवार को लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पुर्व विधायक सह भाजपा के वरीय नेता प्रकाश राम ने रामरेखा अस्पताल का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री राम ने कहा कि इस क्षेत्र मे अस्पताल के खुलने से निश्चित रूप से स्वास्थ्य के क्षेत्र मे ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। गांव क्षेत्र मे ग्रामीणों को बीमारी मे स्थानीय स्तर पर काफी परेशानियां होती थी। सदर अस्पताल समय से नहीं पहुंचने में परेशानिया होती थी। अब अस्पताल के खुल जाने से स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों का ईलाज हो सकेगा। उन्होंने इसके लिए अस्पताल संचालक को भी बधाई दी है। और कहा है की ग्रामीणों के हित मे अस्पताल का संचालन करे। मौके पर संचालक ने भी भरोसा दिया है की ग्रामीणों के हित में अस्पताल का संचालन किया जायेगा। मौके पर पवन कुमार, अनिल सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, हेमू सिंह, राजदेव प्रसाद, प्रभात कुमार, धर्मेंद्र प्रसाद, बिरेंद्र प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद समेत काफी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

### डुमारो मुखिया व ग्रामीणों ने केईसी कंपनी पर लगाया पीसीसी पथ को क्षतिग्रस्त करने का आरोप


टुटा पीसीसी पथ को दिखाते मुखिया।

➲ कहा रेल निर्माण कार्य मे लगी केईसी कंपनी के भारी वाहन चलने के कारण टूटा है पीसीसी पथ, दुरुस्त करें कंपनी

**चंदवा।** प्रखंड के सुदूरवर्ती डुमारो पंचायत अंतर्गत अगर पतरा गांव में नव निर्मित पीसीसी को रेलवे के थर्ड लाइन निर्माण कार्य मे लगी केईसी कंपनी के द्वारा क्षतिग्रस्त करने का आरोप ग्रामीणों व मुखिया सुनीता खलखो ने लगाया है। मुखिया सुनीता खलखो व ग्रामीणों ने बताया कि उक्त पीसीसी पथ को 15 वीं वित्त से बनाया गया था, तीसरी लाइन निर्माण कार्य में लगी कम्पनी के द्वारा अंधाधुंध रेल स्लैब लदे भारी वाहन चलाने के कारण पथ कई स्थानों पर टूट गया है। जिस कारण कनीय अभियंता के द्वारा योजना के राशि का भुगतान भी नही कराया जा रहा है वहीं निर्माण कार्य मे लगी केईसी कंपनी भी क्षतिग्रस्त पथ को दुरुस्त करने की दिशा में कोई दिलचस्पी नही दिखा रही है। जिस कारण सभी परेशान हैं। अगर केईसी कंपनी पीसीसी को दुरुस्त नही कराएगी तो ग्रामीण रेलवे के भारी वाहनों को उक्त पथ से आवागमन नही करने देंगे। इस दौरान पथ से गुजर रहे कम्पनी के लोगो को क्षतिग्रस्त पथ को दिखाया व तत्काल ठीक कराने की बात कही।

## वैष्णव दुर्गा मंदिर के 30वें वार्षिकोत्सव पर भंडारा व जागरण का आयोजन आज

### भंडारा से पहले नौ कुंवारी कन्याओं को कराया जायेगा भोजन

➲ वार्षिकोत्सव के दिन रात में जागरण मंडली करेगी भगवती जागरण प्रस्तुत

खबर मन्त्र संवाददाता


पुजन करते भक्त।

**लातेहार।** शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर का 30 वां वार्षिकोत्सव तीन फरवरी को है। वार्षिकोत्सव को लेकर सारी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। इस खास अवसर पर मंदिर में भंडारा और भगवती जागरण का आयोजन किया जायेगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत एक फरवरी से कलश यात्रा के साथ हो चुकी है। दो फरवरी को कलशों की स्थापना कर दुर्गा सप्तशति का पाठ की गयी। पंडित त्रिभुवन पांडेय और रामानुज उपाध्याय के सानिध्य में अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है। मुख्य यजमान के रूप में सुधीर प्रसाद और उनकी पत्नी अनुष्ठान में भाग ले रही है।

**भंडारा से पहले नौ कुंवारी कन्याओं को कराया जायेगा भोजन**

भंडारा का शुभारंभ विधायक सह मुख्य संरक्षक वैद्यनाथ राम करेंगे। इससे पहले नौ कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया जायेगा। मंदिर समिति के सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भंडारा में करीब 12 से 15 हजार श्रद्धालु भाग लेंगे। इसी आधार पर भंडारा का प्रसाद तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दस क्विंटल आटा की पुड़ी-सब्जी और डेढ़ क्विंटल सूजी का हलुआ बनाया जायेगा। भंडारा का प्रसाद बनाने के लिए रांची से कारिगर बुलाये गये हैं।

### ग्रामीणों के आग्रह पर जालिम गांव पहुंचे पूर्व विधायक, मंदिर निर्माण कार्य मे किया सहयोग


मौके पर मौजूद पूर्व विधायक व अन्य।

**लातेहार।** ग्रामीणों के आग्रह पर पुर्व विधायक प्रकाश राम गुरुवार को सदर प्रखंड के जालिम गांव पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की। ग्रामीणों ने पुर्व विधायक से गांव मे हो रहे महावीर मंदिर निर्माण कार्य की जानकारी दी। इस दौरान पूर्व विधायक ने निर्माणधीन मंदिर का मुआयना की। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को कहा की मंदिर निर्माण कार्य मे टाइल्स मार्बल का जो कार्य किया जाना है। वह मेरे द्वारा सहयोग किया जायेगा। उन्होंने इसके लिए अपने कार्यकर्ता को निर्देशित किया है की जल्द से जल्द संबधित सामग्री ग्रामीणों को उपलब्ध करा दे। उन्होंने इस दौरान कहा की मंदिर निर्माण होने से गांव क्षेत्र मे धार्मिक वातावरण बनेगा। नियमित पूजा अर्चना होने से गांव क्षेत्र के ग्रामीणों मे धार्मिक वातावरण के प्रति अभिरुचि भी जागृत होगी। उन्होंने इसके अलावे अन्य सहयोग का भी भरोसा दिया है। मंदिर निर्माण समिति के पदाधिकारियों ने भी निर्माण कार्य से संबंधित कई आवश्यक जानकारी पुर्व विधायक को दी है। मौके पर पवन कुमार, अनिल सिंह, हेमू सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, राजदेव प्रसाद, नीरज सिंह, कपिल प्रसाद, बिजेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह समेत अन्य गांव के ग्रामीण मौजूद थे।

## कोबरा 209 और जिला पुलिस के द्वारा सर्च अभियान में बूढ़ा पहाड़ से नक्सलियों के चार अत्याधुनिक हथियार बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता




**लातेहार।** एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना पर छापामारी कर पुलिस ने एक बार फिर बूढ़ा पहाड़ के एरिया से नक्सलियों के द्वारा छुपाए गए 4 अत्याधुनिक हथियार बरामद कर लिया। बरामद हथियारों मे एक एलएमजी, दो एसएलआर राइफल तथा एक इंसास राइफल बरामद किया है। इसके अलावा 470 राउंड गोली भी बरामद हुआ है। दरअसल लातेहार एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि बूढ़ा पहाड़ के जोक पानी इलाके में नक्सलियों ने हथियार छुपा कर रखे हैं। सूचना पर कोबरा 209 और जिला पुलिस के द्वारा संयुक्त रुप से छापामारी अभियान चलाई गई। छापामारी के दौरान एक स्थान पर छुपाकर रखे गए चारों हथियार समेत अन्य सामान को बरामद किया गया। हालांकि नक्सलियों के खिलाफ छापामारी अभियान अभी भी जारी है।

### पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर फरार माओवादी के घर में पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**छिपादोहर।** विभिन्न कांडो में फरार चल रहे भाकपा माओवादी के नक्सलियों के धर पकड़ के लिए छिपादोहर थाना पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए दबिश बढ़ा दी है। गुरुवार को लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर छिपादोहर थाना कांड संख्या 19-21 के अभियुक्त मनोहर परहिया पिता स्व. हिरदन परहिया अमवाटिकर थाना छिपादोहार और महिला थाना कांड सं. 11/18 धारा 147/148/149/366/367/368/342/भा द वि 4/18पॉक्सो एक्ट एवं 17 सीएल एक्ट के अभियुक्त मृत्युंजय जी उर्फ मृत्युंजय भुइयां के घर छिपादोहर थाना के सब इंस्पेक्टर काशी महली ने इश्तेहार चिपकाया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में फरार नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे कई फरार वारंटियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। वहीं फरार नक्सलियों के घर पुलिस इश्तेहार चिपकाने की करवाई की जा रही है।

### बजट में 3097.60 करोड़ रुपए अल्पसंख्यकों के लिए आवंटित किए गए हैं जो स्वागत योग्य है: महताब आलम



**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष महताब आलम ने बुधवार को बजट पास होने पर मोदी सरकार एवं वित्त मंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि 2022-23 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी समाज का ध्यान में रखा है। बजट में अल्पसंख्यक समाज खासकर के पासमंदा समाज को प्रशिक्षित किया जाएगा। बजट में 3097.60 करोड़ रुपए अल्पसंख्यकों के लिए आवंटित किए गए हैं, जो पिछले वित्त वर्ष के संशोधित आँकड़ों से 484.94 करोड़ रुपए अधिक है। इसके अलावा, बजट में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवाईके) के लिए 600 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। यह एक विशेष क्षेत्र विकास कार्यक्रम (एमसीए) है। जिसका उद्देश्य चयनित अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में विकास करना और कमियों को दूर करना है। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के लिए बहु-क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) को पुनर्गठित किया गया है और इसे नया रूप दिया गया है। मदरसों में आधुनिक विषयों को शामिल करने, शिक्षक प्रशिक्षण और अल्पसंख्यक संस्थानों में स्कूल के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता के रूप में बजट में 10 करोड़ रुपये रखे गए हैं। जिस प्रकार प्रधानमंत्री ने सभी वर्गों के लिए कार्य किया है। 2024 में चार सौ से ज्यादा सीटें भारतीय जनता पार्टी जीतकर वापस सत्ता में आएगी।

